आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 11.10.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ दक्षिण अण्डमान जिला प्रशासन की ओर से की गई कार्रवाई में चार हजार सात सौ वर्ग मीटर सरकारी जमीन को खाली कराया गया।
- नगरपालिका परिषद के दुकानों के किराए न चुकाने के आरोप में बीस दुकानों को सील कर दिया गया है।
- दुर्गा पूजा उत्सव पारम्परिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।
- द्वीपसमूह में वन्य जीवों के संरक्षण के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।
- द्वीपसमूह में उप–राज्यपाल की अनुमति के बाद मोटर वाहन एग्रीगेटर योजना दो हजार चौबीस को जारी किया गया है।

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान जिला प्रशासन की ओर से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत चार हजार सात सौ वर्ग मीटर सरकारी जमीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया है। फरारगंज तहसील में मंगलूटान गांव में करीब तीन हजार वर्ग मीटर क्षेत्र. को खाली कराया गया। श्री विजयपुरम तहसील में चलाए गए अभियान में चार अनाधिकृत अस्थाई ढांचे को हटाया गया। भातू बस्ती ओर आटम पहाड़ क्षेत्र में यह अभियान चलाया गया। हैडो क्षेत्र में जिला प्रशासन की ओर से एक प्राकृतिक जल स्रोत क्षेत्र में अनाधिकृत घेराव को भी हटाया गया। इसके अलावा तहसील में पन्द्रह सौ वर्ग मीटर सरकारी जमीन से भी अतिक्रमण हटाया गया। जिला उपायुक्त ने आम जनता को आगाह किया है कि वे सरकारी जमीन पर अतिक्रमण न करें। किसी भी प्रकार की सूचना या शिकायत के लिए आम जनता जिला प्रशासन के नियंत्रण कक्ष या दिए गए वाट्सएप नम्बर पर जानकारी साझा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

नगरपालिका के दुकानों के किराए न चुकाने की वजह से नगरपालिका ने ऐसे बीस दुकानों को सील कर दिया है। इन दुकानों के मालिकों पर कई लाख रूपए का बकाया था और

किराए के रूप में ये सभी दुकानदार नगरपालिका को मासिक किराया चुकाने में विफल रहे थे। सील किए गए ऐसे सभी दुकानदारों को सात दिनों के अंदर बकाया किराया जमा करने को कहा गया है। निर्धारित दिनों के बाद दुकानों का आबंटन रदद किया जाएगा और दोबारा निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी। इसके अलावा उन्हें काली सूची में भी डाल दिया जाएगा तथा निविदा प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर भी नहीं मिलेगा।

उधर तकनीकी कारणों से श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ऑनलाइन भुगतान प्लेटफार्म आज से दो दिनों के लिए बंद रहेगी। नगरपालिका इस समस्या को जल्द से जल्द दूर करने का प्रयास कर रहा है।

<><><><><><><>

देश के अन्य भागों के साथ द्वीपसमूह में भी दुर्गा पूजा उत्सव श्रद्धाभाव और भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। विभिन्न पूजा पंडालों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर मां दुर्गा और अन्य देवी–देवताओं का दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। कई पूजा पंडालों में महाभोग की भी व्यवस्था की गई है। अतुल स्मृति समिति यानी बंगाली क्लब इस बार अपना अस्सीवां पूजा उत्सव मना रहा है और इस सिलसिले में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। आज दिन में दस बजे से पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी और इसके बाद महाभोग की व्यवस्था की गई है। मध्योत्तर अंडमान ज़िले में भी धूमधाम से पूजा–उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। बिल्लीग्राउंड दुर्गा मंदिर में बड़े आकार का पूजा–पंडाल बनाया गया है। बकुलतला पूजा समिति की ओर से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। पूरा मध्योत्तर अंडमान ज़िला दुर्गा पूजा समारोह में लीन है। हिन्दी साहित्य कला परिषद में दो दिवसीय श्री रामलीला का आयोजन किया गया है। आज शाम छः बजे इसका उद्‌घाटन होगा। समापन समारोह कल शाम छः बजे रखा गया है।

उधर, नवरात्रि के अवसर पर भी जगह–जगह देवी जागरण के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आज नवरात्रि का अंतिम दिन है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में वन्य जीवों के संरक्षण के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि इनको विलुप्त होने से बचाया जा सके। पर्यावरण और वन विभाग के वन्य प्राणी संभाग के उप–वन संरक्षक संदीप बेहरा ने बताया कि द्वीपसमूह में पक्षियों की तीस ऐसी प्रजातियां हैं, जो सिर्फ इस द्वीपसमूह में पाई जाती है। इसके अलावा बावन स्तनधारी में से आठ ऐसे हैं, जो सिर्फ अंडमान में ही पाए जाते हैं।

इनसे की गई बातचीत का विस्तृत ब्यौरा आप हमारे आमने–सामने कार्यक्रम में सुन सकते हैं। इसे कल शाम साढ़े छह बजे प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस डिवीजन ने लोगों तक सरकारी सेवाओं की निर्बाध पहुंच के लिए डिजिलॉकर के साथ उमंग ऐप को मिलाने की घोषणा की है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार इससे उपयोगकर्ताओं को एक ही जगह से कई सेवाएं प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। उमंग ऐप सभी एंड्रॉइड फोन पर उपलब्ध है। डिजीलॉकर, डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य आवश्यक दस्तावेजों का सुरक्षित क्लाउड–बेस स्टोरेज प्रदान करना है।

<><><><><><><>

केन्द्र सरकार द्वारा मोटर वाहन एग्रीगेटर योजना दो हजार चौबीस का मसौदा जारी किया गया है। इसके आधार पर अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में उप–राज्यपाल की अनुमति के बाद मसौदे को परिवहन विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। दावे और आपत्तियां तीस दिनों के भीतर परिवहन विभाग के राज्य परिवहन प्राधिकरण के सचिव के पते पर भेजे जा सकते हैं।

<><><><><><><>

शिक्षा मंत्रालय ने कल एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत युवा संगम के पांचवें चरण के लिए पंजीकरण पोर्टल शुरू किया। युवा संगम विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के युवाओं का लोगों से संबंध मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार की एक पहल है। अट्ठारह से तीस वर्ष की आयु के युवा, इस पोर्टल पर पंजीकरण करा कर इसमें शामिल हो सकते हैं।

<><><><><><><>

युवा कार्य और खेल मंत्रालय ने नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल दो हजार चौबीस का मसौदा टिप्पणियाँ और सुझाव आमंत्रित किये हैं। बिल का उद्देश्य खेलों के विकास और प्रचार के

साथ खिलाड़ियों के लिए कल्याणकारी उपाय और बेहतर तथा सुविधाजनक माहौल के माध्यम से खेलों में नैतिकता को बढावा देना है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य विभाग में ड्रग्स इंस्पेक्टर के पद के लिए सत्रह अक्तूबर को होने वाले सीधे साक्षात्कार को प्रशासनिक कारणों से स्थगित किया गया है। अब यह साक्षात्कार पच्चीस अक्तूबर को सुबह साढ़े नौ बजे स्वास्थ्य निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित होगा। इस पद के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को भी बढ़ाकर अट्ठारह अक्तूबर कर दिया गया है। इच्छुक उम्मीदवारों से विभाग के वेबसाइट से प्रपत्र डाउनलोड करने को कहा गया है। भरे हुए आवेदन फार्म विभाग के मेल पर या सीधे स्वास्थ्य निदेशालय के उप–निदेशक के कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>